राजस्थान--सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी माण्डल जिला भीलवाड़ा

आसीन अधिकारी – कृष्णपाल सिंह चौहान, आर ए एस.

मुकदमा संख्या – 34/19 प्रा०पत्र

– श्री बकरू s/o श्री अब्दुलरहमान स्याह फकीर मुसलमान निवासी- मांडल तह मांडल

–प्रार्थी

बनाम

1– श्री गुलामरसूल s/o श्री अब्दुलरहमान स्याह फकीर मुसलमान निवासी - राजीगढ़ी माण्डल तहसील - माण्डल [वगैरा]
(सहसंलित प्रा० पत्र संलग्न)

–विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111--128 रा.भू.रा.अधि. 1956 दिनांक – 28.5.19

::आदेश::

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111--128 रा.भू.रा.अधि. 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम ....माण्डल........ पटवार हलका........माण्डल........ तहसील माण्डल मे उसके खाते / संयुक्त खाते की आराजी नं. 5535/3, 5546/3, 5552/1.................... कुल किता...03...... रकबा ....—.......... बीघा... ...15.........बिस्वा स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदायिवा के सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अपने खाते / संयुक्त खाते की भूमि की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान कराये जावें।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनाक ...21.2.19.......... को पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्ध है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एवं कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढ़ी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हेरा–फेरी होने का अदेशा नहीं है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यों को देखते हुए नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र स्वीकार योग्य है।

:: आदेश ::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा.भू.रा.अधि. 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम ....माण्डल.. पटवार हलका.......माण्डल.......... तहसील माण्डल में उसके खाते / संयुक्त खाते की आराजी न. 5535/3 5546/3, 5542/1.............. कुल किता 03.... रकबा —.......... —.. बीघा.........15.........बिस्वा भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश दिया जाता है। पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक माण्डल....... को .... 300/- रुपये/– कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावें। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान् की मौजुदगी में मौके व कब्जे की यथास्थिति को बनाये रखते हुए मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढ़ी की जावें। फसल खड़ी होने पर पत्थरगढ़ी नहीं की जावें।

उपखण्ड अधिकारी
मांडल जिला भीलवाड़ा

प्रतिलिपि – तहसीलदार माण्डल को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट 7 दिवस मे प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
माण्डल भीलवाड़ा